आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

मुख्य समाचार''

- आज देश भर में मनाया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को दी महिला दिवस की शुभकामनाएं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू नाहन के चौगान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे शिरकत– करोड़ों रूपये की योजनाएं के करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास।
- किन्नौर जिला के कल्पा में चल रहे पारंपरिक राऊलाने उत्सव में दिख रही संस्कृति की अनूठी झलक।
- टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज अहमदाबाद में भारत–न्यूजीलैंड होंगे आमने–सामने।

महिला दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस वर्ष का विषय है– महिलाओं और बालिकाओं के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई। यह महिला अधिकारों को मजबूत करने, न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने और स्त्री–पुरुष समानता में तेजी लाने की भावना को दर्शाता है। इस अवसर पर आज देशभर में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में एक समारोह में शामिल होंगी। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी। महिला और बाल विकास मंत्रालय आज कर्तव्य–पथ पर अलग–अलग क्षेत्र की महिलाओं के साथ शक्ति वॉक का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रपति – महिला दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज और राष्ट्र की नींव हैं और शिक्षित, आत्मनिर्भर तथा सशक्त महिलाएं समृद्ध और प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं ने शिक्षा, विज्ञान, खेल, कला और रक्षा सहित कई क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि आज युवा महिलाएं नए भारत के सपने साकार कर रही हैं।

राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों से महिलाओं को समान अवसर प्रदान करने वाले समाज के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

महिला दिवस कार्यक्रम

इधर प्रदेश में भी आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू नाहन में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग, युवा सेवाएं व खेल विभाग, तकनीकी शिक्षा, स्वास्थ्य तथा राज्य विद्युत बोर्ड की लगभग 190 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यस करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला व बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इधर शिमला में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय और प्रदेश सरकार के खेल व युवा सेवा विभाग के सहयोग से महिलाओं के लिए

दौड़ का आयोजन किया जाएगा। मेरा युवा भारत शिमला के सहायक निदेशक विजय कुमार ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं व युवतियों की खेलों में भागीदारी बढ़ाना, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता फैलाना और खेलों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि ये दौड़ तीन श्रेणियों में आयोजित की जाएगी।

अतंर्राष्ट्रीय वूमन दिवस के दिन बी.सी.एस. में एक दौड़ का आयोजन किया जाएगा जो दौड़ होगी उसमें 100 मीटर, 200 मीटर व 400 मीटर का आयोजन किया जाएगा इसमें हमारी शिमला की और पूरे देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

ईंधन

केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। नई दिल्ली में उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता लोगों के लिए किफायती और टिकाऊ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने भू–राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्बाध ऊर्जा आयात के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया।

इस बीच इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कहा कि सोशल मीडिया पर पेट्रोल और डीजल की कमी की खबरें निराधार हैं। कंपनी ने कहा कि भारत के पास पर्याप्त ईंधन भंडार है और आपूर्ति व वितरण नेटवर्क सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी पूरे देश में निर्बाध ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। लोगों से कंपनी ने अनुरोध किया कि वे घबराएं नहीं और पेट्रोल पंपों पर भीड़ न लगाएं तथा सटीक जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें।

बी.पी.एल

ग्रामीण विकास विभाग द्वारा बी.पी.एल. परिवारों के निर्धारण संबंधी दिशा–निर्देशों में संशोधन किया गया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि संशोधित प्रावधान के अनुसार अब ऐसे परिवार भी बी.पी.एल. सूची में शामिल किए जा सकेंगे, जिनके सभी वयस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत कम से कम 50 दिन कार्य किया गया हो।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

जिला लाहौल–स्पीति के उदयपुर में खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए कल 9 मार्च को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण व प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अनिल शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य खाद्य व्यवसाय संचालकों को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों के प्रति जागरूक करना है, ताकि उपभोक्ताओं को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने सभी होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग सेवाओं तथा अन्य खाद्य व्यवसाय संचालकों से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

राऊलाने पर्व

किन्नौर जिला के ऐतिहासिक गांव कल्पा में पांच दिनों तक चलने वाला पारंपरिक राऊलाने पर्व इन दिनों उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस अनोखे लोक उत्सव को देखने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। स्थानीय लोगों के साथ–साथ बाहर से आए पर्यटक भी इस सांस्कृतिक पर्व के साक्षी बन रहे हैं और किन्नौर की समृद्ध परंपराओं को करीब से देख रहे हैं।

*इस पर्व का मुख्य आकर्षण किन्नौरी वेशभूषा में सुसज्जित राऊला और राऊलाने होते हैं, जो पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर लोकनृत्य प्रस्तुत करते हैं। मान्यता है कि यह नृत्य साऊनी (परियों) को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। इस अद्वितीय परंपरा को देखने के लिए आने वाले पर्यटक स्थानीय संस्कृति, रीति–रिवाज और लोक कला से भी रूबरू हो रहे हैं, जिससे किन्नौर की सांस्कृतिक पहचान को नई पहचान मिल रही है। वहीं पर्व में मुखौटा पहनकर आने वाले बेहरूपिए, जिन्हें स्थानीय भाषा में जाङग पुदलु कहा जाता है, अपने अलग–अलग हाव–भाव और अभिनय से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं। उनके अभिनय के माध्यम से सामाजिक संदेश और जन जागरूकता भी दी जाती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ये पात्र बुरी शक्तियों से रक्षा का प्रतीक माने जाते हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी आयोजन के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के लिए डीडीएमए किन्नौर तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, ताकि पर्यटक और स्थानीय लोग इस पर्व का सुरक्षित और आनंदपूर्ण अनुभव कर सकें। आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मैं सुमेश नेगी।*

## सड़क सुरक्षा कार्यशाला

परिवहन विभाग की लीड एजेंसी रोड सेफ्टी सेल द्वारा आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के सहयोग से डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में कल राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। निदेशक परिवहन नीरज कुमार ने इस अवसर पर कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यशाला के दौरान आईआईटी मद्रास की टीम द्वारा सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं, पहाड़ी क्षेत्रों की सड़कों में सुरक्षा के लिए रणनीतियों तथा सुरक्षित सड़कों के लिए नवाचारों और फ्रेमवर्क पर महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कार्यशाला में हिमाचल के लिए सड़क सुरक्षा के ड्राफ्ट विजन पर भी चर्चा की गई।

## टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड की टीम दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।

## अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला, पंजाब केसरी व दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है–पिछले दो चुनावों में आरक्षित पंचायतें

इस बार होंगी ओपन, 2010 को माना जाएगा आधार वर्ष। दैनिक भास्कर व हिमाचल दस्तक का कहना है–लगातार –2 बार रिजर्व रहीं पंचायतें होंगी ओपन, चंडीगढ़– शिमला डेली 2 उड़ानें। दैनिक जागरण का कहना है–कैबिनेट ने विभागों में एक सौ 11 पद भरने की दी स्वीकृति, 15 जलद्विुत परियोजनाओं का करार रद्द।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–लाहौल की ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात, तापमान में 3 डिग्री की गिरावट।

'अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- आज देश भर में मनाया जा रहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों को दी महिला दिवस की शुभकामनाएं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू नाहन के चौगान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में करेंगे शिरकत– करोड़ों रूपये की योजनाएं के करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास।
- किन्नौर जिला के कल्पा में चल रहे पारंपरिक राऊलाने उत्सव में दिख रही संस्कृति की अनूठी झलक।
- टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज अहमदाबाद में भारत–न्यूजीलैंड होंगे आमने–सामने।

———————————————